कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या– 22/11/ई–6/2022–23
प्रयागराजः दिनांक 19 जून, 2024

विज्ञप्ति

आयोग के विज्ञापन संख्या–ए–5/ई–1/2023, दिनांक 19.09.2023 के द्वारा विज्ञापित **अपर निजी सचिव परीक्षा–2023** के प्रथम चरण की परीक्षा के आधार पर द्वितीय चरण की हिन्दी आशुलिपि एवं हिन्दी टाइपिंग परीक्षा हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों में से, आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति दिनांक 14.03.2024 के अनुसार, दिनांक 05.04.2024 तक आवेदन–पत्र जमा करने की प्रक्रिया, जिन्होंने पूर्ण कर लिया है, उनको एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त द्वितीय चरण की परीक्षा **दिनांक 28 जून, 2024 से 18 जुलाई, 2024 तक दो सत्रों में यथा– प्रथम सत्र– पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक** एवं **द्वितीय सत्र– अपराह्न 02:00 बजे से 05:30 बजे तक लखनऊ नगर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज** में आयोजित की जाएगी। प्रश्नगत परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने ओ0टी0आर0 नम्बर के आधार पर प्रवेश–पत्र, अटेन्डेन्स शीट एवं अनुदेश डाउनलोड कर, प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो एवं आई.डी. प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घण्टा 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा प्रारम्भ हेतु निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बन्द कर दिया जायेगा।

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियत्रंक